## एक नजर

## लोगों को पिलाया शरबत



सीमा संदेश संवाददाता

**डेगाना।** इन दिनों डेगाना मे पड रही भीषण गर्मी को देखते शहर के अनेकों भामाशाओ ने मिलकर शहर के रेलचे स्टेशन के सामने सदर बाजार मे बडा टेंट लगाकर लोगो को लू ओर तापघात से बचाने के लिए ठंडे पानी ओर मीठे शरबत पिलाने की सुन्दर व्यवस्था की। नगरपालिका के पूर्व चेयरमेन राधाकिशन बिन्दा ने जानकारी देकर बताया की उपखण्ड अधिकारी औम प्रकाश माचरा की प्रेरणा ओर निर्देशन मे गुरूवार से लोगो को गर्मी की मार बचाने के लिए टेंट मे कुर्सिया लगाकर आने जाने वाले राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाया। बिन्दा ने बताया की हीट वेव के दुष्प्रभावो को कम करने के लिए भामाशाहो द्वारा रेल्वे स्टेशन के सामने बाजार के मुख्य रोड पर छाया , ठंडा पानी, शरबत मय निम्बू पानी की भामाशाहों द्वारा व्यवस्था की गयी। जिससे लोगो को इस भीषण गर्मी से निजात मिली। उन्होंने बताया की ये व्यवस्था भीषण गर्मी को देखते हुये जारी रखने का निर्णय लिया। ठंडा मीठा शरबत पिलाने के लिए युवाओं मे भारी जोश नजर आया ओर शहर मे आनी वाली बसो ओर रेलवे स्टेशन से आने जाने वाले यात्रियों को जमकर सेवा करते हुये शरबत पिलाया। जिससे लोग खुश नजर आये। इसे लेकर उपखण्ड अधिकारी ने इस नेक कार्य का आवलोकन कर गर्मी मे ठंडे मीठे पानी की व्यवस्था करने के इस नेक कार्य की सराहना की।

## अधिकारी नहीं पहुंचे रात्रि चौपाल में, ग्रामीणों किया हंगामा

सीमा संदेश संवाददाता



**डेगाना।** डेगाना की ग्राम पंचायत मुख्यालय बंवरला में बुधवार को तहसीलदार की अध्यक्षता में रात्रि चैपाल में बिजली, चिकित्सा ओर जलदाय विभाग के अधिकारियों के नही आने पर ग्रामीणों ने जोरदार हंगामा करते हुये अनुपस्थित रहने वाले सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाही करने की मांग की। भगवान महिया ने बताया कि गांव की विभिन्न समस्याओं को लेकर पूर्व में भी उपखंड अधिकारी डेगाना को ज्ञापन दिया था, उसके उपरांत भी ग्रामीणों की बिजली, पानी , चिकित्सा ओर सडक संबधि समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। बुधवार को प्रशासन द्वारा गांव मे रात्रि चैपाल आयोजित की गई जिसमे भी कई विभागों के अधिकारी नही पहुचे जिस पर गांव वालों द्वारा अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई गई ।रात्रि चैपाल में जिन विभागों को अभी अलर्ट मोड पर कर रखा है चिकित्सा विभाग जलदाय विभाग और बिजली विभाग इन तीनों विभागों का कोई भी कर्मचारी इस रात्रि चैपाल में उपलब्ध उपस्थित नहीं था। तो लोगों की समस्या का निराकरण किस प्रकार होगा गांव वालों की मांग है कि अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग रखी। उन्होंने बताया की इन तीनों विभागों के कर्मचारियों की छुट्टियां भी निरस्त की गई है इसके बावजूद भी इनका रात्रि चैपाल में नहीं आना अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही है।

अंत में शिविर प्रभारी तहसीलदार डेगाना संजय कुमार प्रसोया ने गांव वालों को आश्वासन दिया गया कि गांव में 6 जून को पुनः इन सभी विभागों के कर्मचारियों के साथ रात्रि चैपाल का आयोजन होगा और अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जायेगी। भगवान राम महिया ने बताया की गांव मे बिजली ओर पेयजल के साथ सडक की गंभीर समस्या है। उन्होंने बताया की पीडब्लूडी ने गांव मे मुख्य सडक को खोदकर छोड दी । जबकि उसका तुरंत निर्माण कराया जाना था। लेकिन विभाग की हठधर्मिता के कारण खोद कर छोडी सडक से लोगो ओर वाहनो का गुजरना मुश्किल हो गया है। इस तहसीलदार ने बताया की ग्रामीणों की समस्याओं को ध्यान से सुना गया ओर चैपाल मे गैर हाजिर रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ उचित कार्रवाही को लेकर उपखण्ड अधिकारी को सूचित कर दिया है। उन्होंने बताया की ग्रामीणों की समस्याएं सुनने ओर समाधान को लेकर आगामी 6 जून को दुबारा चैपाल कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल ने लहराया परचम

सीमा संदेश संवाददाता

**सुरेरा।** डाँसरोली गाँव में स्थित स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल डांसरोली ने दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 मैं दांतारामगढ़ क्षेत्र में एक बार फिर से शानदार परिणाम देकर परचम लहराया है ।जानकारी सूत्रों के अनुसार क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल डांसरोली ने दसवीं कक्षा में डांसरोली क्षेत्र में निरमा परसवाल पुत्री श्री हीरालाल परसवाल ने 97.17% प्राप्त कर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया वहीं रजनी परसवाल ने 93.67% प्रियांशु बोकोलिया ने 93.17% कुंजन कुमारी ने 92.33% अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय निदेशक सीताराम कुमावत ने सभी छात्रों को अध्यापकों और अभिभावकों को क्षेत्र वासियों को शुभकामनाएं दी और अवल रहे छात्रों को साफा पहना कर माला पहना कर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी और सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक सुगन चद जाट, हेमंत कुमार, विजेश कुमार आचार्य, दीपक पाराशर , कुलदीप सिंह राम सिंह शेखावत त्रिलोकचंद जाट, सुनील कुमार, और छात्रों के अभिभावक भी उपस्थित रहे ।


TATA

**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 11 वां तल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013
शाखा कार्यालय : द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान)-302021

**अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए सूचना**
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत)

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी सूचना**

जन सामान्य तथा विशेष रूप से निम्नलिखित ऋणधारक और सह-ऋणधारक या उनके विधिक वारिसों/प्रतिनिधियों (ऋणधारकों) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति जो **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड (टीसीएचएफएल)** के पास गिरवी है, का कब्जा टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित ऋणधारक व सहऋणधारकों से बकाया की वसूली के लिए 'जो है जहां है','जैसा है जो है' तथा 'जो भी वहां है' बिना किसी रिकोर्स के आधार पर **19-06-2024** को विक्रय किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा का उल्लेख नीचे है। यहां यह सूचित किया जाता है कि इस सुरक्षित आस्ति/सम्पत्ति का विक्रय किसी स्थगन/बिना अन्तराल ई-नीलामी द्वारा **19-06-2024** को अपराह्न 2 बजे किया जाएगा। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को ईएमडी का डिमांड ड्राफ्ट सीलबंद लिफाफे में **18-06-2024 को सायं 5 बजे तक** या उससे पूर्व शाखा पता **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड,** द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान) 302021 को प्रस्तुत करना होगा।

सुरक्षित आस्ति/अचल सम्पत्ति का विक्रय 'जैसी है वहां जो स्थिति है' के आधार पर किया जाएगा, जिनका संक्षिप्त विवरण यहां निम्नानुसार है :

| क्रम. सं. | ऋण खाता संख्या व शाखा | ऋणधारक (ों)/सह-ऋणधारक (ों) विधिक वारिस (ों)/ विधिक प्रतिनिधि /जमानतदार(ों) के नाम | डिमांड नोटिस के अनुसार राशि | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) | TCHHL03060 00100076265 & 10443112 | श्री देवेन्द्र हिसारिया पुत्र श्री श्याम सुंदर हिसारिया श्रीमती इला हिसारिया पत्नी श्री देवेन्द्र हिसारिया | ऋण खाता संख्या TCHHL030600010007 6265 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **42,39,875/-**(रुपए बयालीस लाख उनतालीस हजार आठ सौ पिचहत्तर मात्र) तथा ऋण खाता संख्या 10443112 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. **1,01,696/-**(रुपए एक लाख एक हजार छह सौ छियानवे मात्र) अर्थात कुल **रु. 43,41,571/-**(रुपये तिरालीस लाख इकतालीस हजार पांच सौ इकहत्तर मात्र) 14-09-2022 | रु. 30,40,000/- (रुपये तीस लाख चालीस हजार मात्र) | रु. 3,04,000/- (रुपये तीन लाख चार हजार मात्र) | भौतिक |
| | **अचल संपत्ति का विवरण:** ग्राम नेवता, आस्था सेज व्यू के रूप में जाना जाने वाला इलाका, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर (राजस्थान) के खसरा संख्या 523 और 524 में समाहित स्थित टॉवर डी, सातवां तल, आवासीय फ्लेट संख्या डी-709, अधिमापन 860 स्केयर फीट (बिल्ट अप क्षेत्र), खुली छत और ढकी हुई सीढ़ियां अधिमापन 1714 स्क्वैयर फीट (सुपर बिल्ट अप क्षेत्र 3217 स्क्वैयर फीट लगभग) और कवर्ड पार्किंग संख्या सी-37. विक्रय संलेख में उल्लिखित सभी सामूहिक सुविधाओं के साथ। | | | | | |
| 2) | TCHHL03060 00100006521 | **श्री अरविन्द कुमार पुनिया,** पुत्र श्री चोखा राम उर्फ चोखा राम बिश्नोई **श्री चोखा राम बिश्नोई उर्फ चोखा राम,** पुत्र श्री मोबत राम **श्रीमती गवरी देवी,** पत्नी श्री चोखा राम उर्फ चोखा राम बिश्नोई, **मैसर्स टाइल्स मार्ट** इसके मालिक के माध्यम से **श्रीमती विमला,** पत्नी श्री अरविन्द कुमार पुनिया | **रुपये 42,04,025/-** (रुपये बियालीस लाख चार हजार पच्चीस मात्र) 25-04-2023 | रु.60,00,00/- (रुपये साठ लाख मात्र) | रु.6,00,00/- (रुपये छह लाख मात्र) | प्रतीकात्मक |
| | **अचल संपत्ति का विवरण:** सनशाइन कृष्णा III के रूप में जाना जाने वाला इलाका, विश्वेसरिया नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर - 302019 (राजस्थान) के प्लॉट संख्या 115-116, द्वितीय तल पर निर्मित आवासीय फ्लेट संख्या 203 के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन 1352.32 स्कैयर फीट अर्थात 125.63 स्कैयर मीटर्स। बिना के छत के अधिकार व बिक्री संलेख में उल्लिखित सभी सामूहिक सुविधाओं सहित। | | | | | |
| 3) | 9447187 | **श्रीमती लक्की गुप्ता,** पुत्री श्री अशोक कुमार **श्री लक्ष्मण कुमार शाह** पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शाह | **रु. 44,46,242/-** (रुपये चौमालीस लाख छियालीस हजार दो सौ बियालीस मात्र) 12-01-2022 | रुपये 54,00,000/- (रुपये चौवन लाख मात्र) | रुपये 5,40,000/- (रुपये पांच लाख चालीस हजार मात्र) | भौतिक |
| | **अचल संपत्ति का विवरण:** अनुकंपा प्लैटिना अपार्टमेंट, खसरा नंबर 254, 255/631, 401/574, 402, ग्राम सुखिया, तहसील सांगानेर, राजस्थान स्थित 10 वां तल, ब्लॉक एफ, आवासीय फ्लेट संख्या 1001 के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन बिल्ट अप क्षेत्र 1215.68 स्कैयर फीट(सुपर बिल्ट अप क्षेत्र 1580.37 स्कैयर फीट)। | | | | | |
| 4) | TCHHL03060 00100072994 | **श्री विष्णु सोनी,** पुत्र श्री हरि किशन सोनी **श्रीमती संतोष देवी सोनी,** पत्नी श्री हरि किशन सोनी | **रुपये 14,45,362/-** (रुपये चौदह लाख पैंतालीस हजार तीन सौ बासठ मात्र) 23-08-2023 | रुपये 12,25,000/- (रुपये बारह लाख पच्चीस हजार) | रुपये 1,22,500/- (रुपये एक लाख बाईस हजार पांच सौ मात्र) | भौतिक |
| | **अचल संपत्ति का विवरण:** श्री सालासर-VI, योजना मंगलम सिटी एक्सटेंशन, ग्राम पीथावास, निवारू कालवाड़ रोड, जयपुर - 302021 (राजस्थान) स्थित सम्पत्ति संख्या एच-52 (कुल क्षेत्र 252.77 स्कैयर यार्ड) और एच53 (कुल क्षेत्र 252.77 स्कैयर यार्ड) के प्रथम तल पर निर्मित आवासीय फ्लैट संख्या एफ-4 के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन 800 स्कैयर फीट। संलेख पत्र के तहत सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। | | | | | |
| 5) | TCHHL03060 00100074320 | **श्रीमती प्रियंका शाह उर्फ प्रियंका देवी साह पत्नी श्री राम कुमार शाह उर्फ राम कुमार साह, श्री राम कुमार शाह उर्फ राम कुमार साह पुत्र श्री जगदीश प्रसाद शाह** | **रुपये 43,75,185/-**(रुपये तिरालीस लाख पिचहत्तर हजार एक सौ पिचासी मात्र) 10-08-2022 | रुपये 40,00,000/- (रुपये चालीस लाख मात्र) | रुपये 4,00,000/- (रुपये चार लाख मात्र ) | भौतिक |
| | **अचल संपत्ति का विवरण:** गांव सुखिया, अनुकम्पा प्लेटिना के नाम से जाना जाने वाला इलाका, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर (राजस्थान) के खसरा संख्या 254, 255/631, 401/574, 402 में समाहित स्थित ब्लॉक-एफ, नौवें तल पर आवासीय ईकाई/फ्लेट संख्या एफ- 901 के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन बिल्ट अप क्षेत्र 1215.68 स्कैयर फीट, सुपर बिल्ट अप क्षेत्र - 1580.37 स्कैयर फीट। विक्रय संलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। | | | | | |

नीलामी के समय जन सामान्य व्यक्तिगत रूप से बोली(यां) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित है। यहां ऋणधारक(ों)/सह-ऋणधारक(ों) को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से **15 दिनों** के भीतर आगामी ब्याज सहित समस्त बकाया के पूर्ण भुगतान के लिए अंतिम अवसर दिया जा रहा है, इसमें असफल होने पर अचल सम्पत्ति का विक्रय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। ई-नीलामी को रोक दिया जाएगा यदि, जब 'प्राधिकृत अधिकारी' के पास इस बात का सबूत पेश किया जाए या उन्हें इस बात से संतुष्ट किया जाए कि समस्त ब्याज एवं लागत (विक्रय की लागत सहित) सहित उक्त सुरक्षित बकाया देय राशि का भुगतान नीलामी से पूर्व कर दिया गया है।
इस विक्रय से जुड़े किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति का इस विक्रय निष्पादन प्रक्रिया के दौरान कोई कर्तव्य-अधिकार नहीं होगा तथापि अचल संपत्ति के विक्रय, बोली, अधिग्रहण या अधिग्रहण के प्रयास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी हित नहीं होगा।
विक्रय का विषय प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों के अंतर्गत होगा तथा निम्नांकित शर्तों के अधीन किया जाएगा :

**नोट: ई-नीलामी का आयोजन पोर्टल पर https://bankauctions.in पर 19-06-2024 को दोपहर 2.00 से सायं 3.00 के बीच 10 मिनट के प्रत्येक असीमित अंतराल के साथ किया जाएगा।**

**नियम व शर्तें :** 1. अनुसूची में वर्णित विवरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना अनुसार कथन किए गए हैं, परन्तु इस उद्घोषणा में हुई किसी भी चूक, मिथ्या कथन या भूल के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता उत्तरदायी नहीं होंगे। बोली राशि, बोलीदार संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अचल सम्पत्ति को नीलामी में पुनः रखना प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्णय होगा। 2. अचल संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। 3. बोली बढ़ाने की राशि **रु. 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र)** रहेगी। 4. संपत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी निविदाओं के साथ धरोहर राशि जो **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.,** के शाखा पते के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा होना आवश्यक है, असफल बोलीदाता को डिमांड ड्राफ्ट वापस कर दिया जाएगा। **एनइएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी भुगतान के लिए कृपया प्रधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें।** 5. किसी भी उच्चतम बोलीदाता को क्रयकर्ता घोषित करना हमेशा ही एक विधिसम्मत प्रक्रिया होती है एवं उसे कानूनी रूप से पात्र माना जाता है, जबकि उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। यह 'प्राधिकृत अधिकारी' के विवेक पर है कि उसे यह लगता है कि यह पर्याप्त नहीं है या ऐसा करना उसे उचित नहीं लग रहा हो। 6. दर्ज किये गये कारणों से यह 'प्राधिकृत अधिकारी' का स्वनिर्णय का अधिकार है कि वह विक्रय को आगे बढ़ा दे या रोक दे। 7. सम्पत्तियों का निरीक्षण **11-06-2024** को **प्रातः 11 से सायं 5.00** बजे के मध्य किया जा सकता है। 8. प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे में क्रय मूल्य/बोली की राशि का पच्चीस प्रतिशत (जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी) राशि जमा करने पर व्यक्ति को क्रेता घोषित किया जाएगा, इस जमा में असफल रहने पर सम्पत्ति ताजा नीलामी/निजी संधि से विक्रय हेतु रखी जाएगी। 9. प्राथमिक रूप से उपरोक्त अनुसार राशि जमा करने की दशा में, क्रेता को संपत्ति की पुष्टि की दिनांक से 15वें दिन या इससे पहले, 15 वें दिन अवकाश या रविवार हो तो 15वें दिन के पश्चात प्रथम दिन तक प्राधिकृत अधिकारी के पास क्रय बोली राशि की शेष राशि जमा करनी होगी। 10. उपरोक्त अवधि में भुगतान में किसी चूक की स्थिति में सम्पत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता सम्पत्ति के सभी दावों को खो बैठेगा। 11. **टाटा केपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** को ज्ञात सभी अवरोध जो संपत्ति से संलग्न है : ऊपर दी गई सारणी के अनुसार। दावे, यदि कोई हो जो संपत्ति के संलग्न हो तथा अन्य ज्ञात विवरण की प्रकृति तथा मूल्य : ऊपर दी गई सारणी के अनुसार। संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि सम्पत्ति पर सम्पत्ति-कर व विद्युत आदि के वैधानिक उत्तरदायित्व क्षेत्रों सहित अवरोधों के सम्बंध में अपनी स्वतंत्र जांच करें। 12. **किसी भी अन्य विवरण या ई-नीलामी की प्रक्रिया के ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए सम्भावित बोलीदाता सेवा प्रदाता, मैसर्स 4क्लोजर, ब्लॉक संख्या 605 ए, छठा तल, मैत्रीवनम कमर्शियल कॉम्पलैक्स, अमीरपेट, हैदराबाद -500038 इसके समन्वयक के माध्यम से श्री अरिजित कुमार दास, 8142000725, 8142000066, 8142000062, ईमेल arijit@bankauctions.in और ईमेल : info@bankauctions.in मनीष बंसल, ईमेल आईडी Manish.Bansal@tatacapital.com प्राधिकृत अधिकारी मोबा. नं. 8588983696, कृपया अपनी पूछताछ वट्सऐप नं. 9999078669 पर भेजें।** 13. टीडीएस 1 प्रतिशत लागू होगा और यह घोषित उच्चतम बोली राशि पर उच्चतम बोलीदाता द्वारा देय होगा। उच्चतम बोलीदाता द्वारा भुगतान मालिक/क्रेता(ओं) के पैन से जमा होगा और हमारी कम्पनी को चालान की प्रति प्रस्तुत करनी होगी। 14. कृपया उक्त विवरण के लिए सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट पर इस लिंक पर जाएं **http://surl.li/twrwn** 15. कृपया इस लिंक पर भी जाएं: **https://www.tatacapital.com/property-disposal.html**
**कृपया ध्यान दें:** टीसीएचएफएल ने इस सम्पत्ति के बिक्री/नीलामी के लिए उल्लेखित नीलामी साझेदार की ओर से किसी भी ब्रोकर/एजेंट को अनुबंधित नहीं किया है। इच्छुक पार्टियां इस मामले में समस्त पूछताछ व प्रश्नावली के लिए केवल प्राधिकृत अधिकारी या अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क करें।

स्थान : राजस्थान,
तिथि : 31-05-2024

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी,
टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लि.


## बिजली, पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



सीमा संदेश संवाददाता

**कुचामन सिटी।** कुचामन में बिजली पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस आईएनसीआर प्रदेश कमेटी और कुचामन ब्लॉक कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने गुरुवार को एसडीएम कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस आईएनसीआर के प्रदेश अध्यक्ष परसाराम बुगालिया, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भंवरअली खान, नावा ब्लॉक अध्यक्ष उदयसिंह खारीया, जिला उपाध्यक्ष शेरखान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को लेकर उपखण्ड अधिकारी हुक्मीचंद रुलानीय को अवगत कराया। प्रशासन की और से जल्द से जल्द राहत प्रदान करने का भरोसा दिलाया।

## आदर्श इण्टरनेशनल स्कूल की छात्रा आशा कुमावत व रिंकू कुमावत ने दसवीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

सीमा संदेश संवाददाता



**कुचामन सिटी।** स्टेशन रोड स्थित आदर्श इण्टरनेशनल स्कूल अंग्रेजी माध्यम की छात्रा आशा कुमावत ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं के परीक्षा परिणाम में 91.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहकर विद्यालय तथा माता-पिता का नाम गौरवान्वित किया। छात्रा रिंकू कुमावत ने 91.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। संस्था की छात्रा निकिता 88.67 प्रतिशत, रिंकू 88 प्रतिशत हर्षित 87 प्रतिशत शीना प्रजापत 85 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। संस्था के प्रबंध निदेशक डॉ. राजाराम प्रजापति ने सर्वोच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। संस्था निदेशक योगेश कुमार जाखड ने कहा कि आदर्श इन्टरनेशनल स्कूल अंग्रेजी माध्यम ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम दिया है। जाखड ने बताया कि आदर्श इण्टरनेशनल स्कूल विद्यार्थियो में मात्रात्मक तथा गुणात्मक दोनो पक्षो को मजबूत बनाता है विद्यार्थी अच्छे अंको के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान, सद्गुण आदि के भाव भी सीखते है प्रधानाचार्या मधु शर्मा ने कहा कि आदर्श इण्टरनेशनल स्कूल में दसवीं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा सभी विद्यार्थियों के कठोर, परिश्रम, अनुशासन व लगन द्वारा सर्वोत्कृष्ट परीक्षा परिणाम मिला, साथ ही बताया कि अनुभवी शिक्षकों की टीम की बदौलत संस्था ने दसवीं बोर्ड में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर देवकृष्ण गुर्जर, गोविन्द प्रजापत, सुलोचना शर्मा, चन्द्रकान्त गौड, पुष्पा गुर्जर, मुकेश कुमार, आकाश पारीक सहित स्टाफगण मौजूद रहे।

## गोगोर की नीतू गुर्जर ने गांव का किया नाम रोशन

सीमा संदेश संवाददाता



**कुचामन सिटी।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुचामन के निकटवर्ती ग्राम गोगोर की बेटी नीतू गुर्जर ने 96.17% अंक हासिल कर अपने गांव,परिवार व समाज का नाम रोशन किया। इस उपलक्ष में ठेकेदार व भूनी सरपंच प्रतिनिधि जैसाराम किरडोलिया ने बेटी को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी ।उनके माता पिता काफी गरीब स्थिति में होते हुए भी अपने बेटे-बेटी को पढ़ा रहे है। नीतू गुर्जर के पिता सांवरमल गुर्जर विकलांग है जो पिछले 15 वर्षों से ठेगेदार जैसाराम किरडोलिया की कंपनी में नोकरी करते है ।उसकी माँ मंगली देवी नरेगा में मेट का काम कर रही है ।पूर्व में छात्रा के भाई ने भी 95 प्रतिशत से अधिक अंक 10वीं बोर्ड परीक्षा में हासिल किये थे।

## टैगोर शिक्षण संस्थान के प्रत्येक दूसरे विद्यार्थी ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कीर्तिमान स्थापित किया

सीमा संदेश संवाददाता



**कुचामन सिटी।** परिणाम के दम पर अपनी विषिश्ट पहचान बना चुके षिक्षा नगरी कुचामन सिटी के सुप्रतिश्ठित टैगोर एजुकेषन ग्रुप द्वारा संचालित टैगोर स्कूल ने गुरुवार को राजस्थान बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10वीं के परिणाम में अपना परचम लहराया। उल्लेखनीय है कि टैगोर स्कूल ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा जारी 10वीं एवं 12वीं के परिणामों में पिछले दो दशकों से अपना लौहा मनवाते आ रहे है। इसी क्रम में इस वर्ष श्रेष्ठ परिणामों की शृंखला को जारी रखते हुए 10वीं बोर्ड परिणाम में अनिशा कनवाड़िया पुत्री मुकेश कुमार 98.17 प्रतिषत अंक प्राप्त कर विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में अनुराग चौधरी पुत्र लालाराम (छात्रावास) ने 97.00 प्रतिषत, कमल खुड़खुड़िया पुत्र रामदयाल (छात्रावास) ने 96.83 प्रतिशत, मनोज कुमार पुत्र मूलाराम ने 96.83 प्रतिशत, आरती शर्मा पुत्री प्रभुराम शर्मा ने 96.67 प्रतिशत, शंकर लाल डूडी पुत्र मदन लाल ने 96.67 प्रतिशत, हर्शवर्धन पुत्र ओमप्रकाश (छात्रावास) ने 96.50 प्रतिशत, विजयराज गुर्जर पुत्र द्वारका प्रसाद (छात्रावास) ने 96.33 प्रतिशत, कोमल पुत्री रिछपाल ने 96.33 मनिश बलारा पुत्र सुखाराम ने 96.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने माता-पिता एवं गुरूजनों का नाम रोशन किया। संस्थान के 17 विद्यार्थियों ने 95.00 प्रतिशत से अधिक, 68 विद्यार्थियों ने 90.00 प्रतिशत से अधिक 118 विद्यार्थियों ने 85.00 प्रतिशत से अधिक, 181 विद्यार्थियों ने 80.00 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। 10वीं कक्षा में कुल प्रविश्ट 425 विद्यार्थियों में से 99.29 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देकर विद्यालय ने शिक्षा नगरी में अपना वर्चस्व कायम रखा।

खुशी के इस शुभ अवसर पर ग्रुप चैयरमेन पूर्णसिंह रणवां व विद्यालय प्रबन्धन ने होनहार प्रतिभाओं व अभिभावकों का तिलक माला व साफा पहनाकर व मूँह मीठा करवाकर खुशी जाहिर की ।इस अवसर पर टैगोर कोचिंग सेन्टर के प्रबधं निदेशक सुल्तान सिंह कल्याणपुरा, शिक्षाविद् झाबर सिंह चाहर, कॉलेज निदेशक सीताराम चैधरी, छात्रावास अधीक्षक जगदीश प्रसाद कुल्हरी, भंवरलाल रणवां , भँवरगोपाल बगड़िया, अर्जुन लाल नेहरा, रामेश्वर लाल नेहरा, डॉ. दुल्लाराम चैधरी, सुखाराम रणवाँ, प्रियंका रणवां, राजेन्द्र गढ़वाल, सी. एस. सागवान, सुनिल नेहरा, शायर सोऊ, मेघसिंह, गजेन्द्र सिंह, विद्याधर कस्वाँ, मुकेश वर्मा, प्रदीष शर्मा, संजय पटवा, नरेश कुमार, आनन्द बागड़ा, रामकिशोर, सुगनाराम, गजेन्द्र रूणवाल, राकेश शेरावत व स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।

## नागौर जिला राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के चुनाव 2 से 9 जून तक

**डेगाना ।** नागौर जिला अध्यक्ष अर्जुनराम लोमरोड की अध्यक्षता में नागौर जिला कार्यकारिणी की वर्चुअल मिटिग का आयोजन किया गया। नागौर जिला महामंत्री बजरंग लाल सोहू ने बताया की जिला अधिवेशन एवं नई जिला कार्यकारिणी चुनाव तथा नागौर जिले के सभी 8 ब्लाक में ब्लाक अधिवेशन एवं नई कार्यकारिणी चुनाव कार्यक्रम इस प्रकार रहेगा। दिनांक 2 जून से 9 जून तक सभी आठ ब्लाक कार्यकारिणी चुनाव संपन्न होंगे तथा 11 जून को नागौर जिला अध्यक्ष अर्जुन राम लोमरोड की अध्यक्षता में वार्षिक अधिवेशन एवं जिला कार्यकारिणी चुनाव का कार्यक्रम संपन्न होंगा अध्यक्ष अर्जुनराम लोमरोड ने सभी सदस्यों की सर्वसहमति से दिशा निर्देश जारी किया।

## राउमावि खारिया में बोर्ड प्रतिभाओं का सम्मान

सीमा संदेश संवाददाता



**कुचामन सिटी।** कुचामन सिटी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारिया में गुरुवार को कक्षा 10 और 12 में बोर्ड परीक्षा में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रखा गया। संस्था प्रधाचानार्य दिनेशचंद्र लाडना ने बताया की स्थानीय विद्यालय का कक्षा 12 में कुल 41 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए, जिनमे से प्रथम श्रेणी-25 ,द्वितीय श्रेणी-12 , तृतीय श्रेणी-3 से उत्तीर्ण हुए तथा परिणाम शत प्रतिशत रहो

कक्षा 12 में प्रथम स्थान कंचन-88.80% द्वितीय स्थान निशा-88.00% तथा तृतीय स्थान सुमित्रा-87.60% ने प्राप्त किया इसी प्रकार कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा कुल प्रविष्टि 31 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी 12 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी तथा तीन विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से पास हुये कक्षा 10 में प्रथम स्थान अनीशा-88.50% ,द्वितीय स्थान हेमलता-84.67% तथा तृतीय स्थान पूनम-84.17%ने प्राप्त कियाकक्षा में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मिठाई के साथ साफा बंधन व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया तथा सभी विद्यार्थियों को माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार जोशी वरिष्ठ अध्यापक ने कियोशिवपाल सिंह, सुनीता जैन, मंजू चौधरी, पुष्पेन्द्र सिंह,विनोद कुमार, तारेश कुमार, मोहम्मद आरिफ, रतनलाल आदि उपस्थित रहे।